(ख) यदि हां, तो उनके व्यवहार में सुधार लाने के लिए प्राइवेट बस मालिकों को क्या सुझाव दिये गये हैं ?

**जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर)** : (क) और (ख) ऐसे कुछ मामले दिल्ली परिवहन निगम/सरकार के ध्यान में आये हैं । निजी प्रचालकों की बसों के ड्राइवरों तथा अन्य कर्मचारियों द्वारा किए जाने वाले दुर्व्यवहार को, दिल्ली परिवहन निगम और निजी प्रचालकों के बीच हुए समझौते में, चूकों/गलतियों का एक हिस्सा बना दिया गया है । शिकायतें प्राप्त होने पर जहां आवश्यक होता है, निजी प्रचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाते हैं तथा उन पर दंड/जुर्माने लगाए जाते हैं। निगम ने निजी बस प्रचालन को जांच आदि के माध्यम से नियमित करने के लिये एक तंत्र का गठन किया है जो एक वरिष्ठ अधिकारी के नियंत्रणाधीन कार्य करेगा। ये जांच स्वतंत्र रूप से अथवा यातायात पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त रूप से की जाती है ।

**Allocation of Fond to handloom sector in Tamil Nadu**

@1720. SHRI R. T. GOPALAN: Will the Minister of State for TEXTILES be pleased to state:

(a) What allocations have been made by the Central Government for the development of handloom sector in Tamil Nadu during the year 1990-91; and

(b) what are the details of the plan for the year 1992-93?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF TEXTILES (SHRI ASHOK GEHLOT): (a) and (b) Allocation of funds to the handloom sector is made scheme-wise and not state-wise on the basis of proposals/schemes received from the State Governments. During 1990-91, a sum of Rs. 3624.64 lakhs was released to the State of Tamil Nadu for the schemes in operation in the State.

**कालीनों का निर्यात**

@@1721. **डा० रत्नाकर पाण्डेय** : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चालू वित्त वर्ष के दौरान देश से वस्तुनिर्मित कालीन के निर्यात संबधी स्थिति क्या है ; और

(ख) ऐसे कालीनों का किन-किन स्थानों से कितना-कितना निर्यात किए जाने की संभावना है ?

**वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अशोक गहलोत)** : (क) 1991 (अप्रैल–सितम्बर) के दौरान हाथ से बने ऊनी/रेशमी/संश्लिष्ट यार्न कालीनों, नमदों, दरियों आदि के निर्यात 273.05 करोड़ रुपये (अनंतिम) के हुए ।

(ख) निर्यात आंकड़े की स्थानवार मात्रा उपलब्ध नहीं है । तथापि भारत से हाथ से बने ऊनी कालीनों के कुल निर्यात में भदोही-मिर्जापुर क्षेत्र से करीब 70 प्रतिशत निर्यात हुआ और शेष निर्यात में श्रीनगर, जयपुर, आगरा आदि का योगदान रहा है ।

**कालीन वित्त निगम का स्थापित किया जाना**

@@@1722. **डा० रत्नाकर पाण्डेय** : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार की अनुदार बैंकिंग नीति के कारण कालीन

@Previpusly Unstarred Question 1051, transferred from the 3rd December, 1991.

@@पूर्वतः अतारांकित प्रश्न 1025, 3 दिसम्बर, 1991 से स्थानांतरित ।

@@@पूर्वतः अतारांकित प्रश्न 1026, 3 दिसम्बर, 1991 से स्थानांतरित ।